imma™


# Aaj Samaj

## Volunteer Of The Year Bane Ramsunder

**Date: 29/09/2011 | Edition: Delhi | Page: 4 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 9 H: 12**

**Clip: 1 of 1**


# वालंटियर ऑफ द ईयर बने रामसुंदर

**कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने विजेताओं को पुरस्कार दिया। दूसरी श्रेणी में वैष्णवी श्रीनिवासन को यूथ वालंटियर ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया।**

**आज समाज, नई दिल्ली**

गरीबों के लिए उल्लेखनीय काम करने के लिए रामसुंदर को एपीजे वालंटियर ऑफ द ईयर 2011 पुरस्कार दिया गया।

इस अवसर पर कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने विजेताओं को पुरस्कार दिया। दूसरी श्रेणी में वैष्णवी श्रीनिवासन को यूथ वालंटियर ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया। इन पुरस्कारों के विजेताओं और फाइनलिस्टों का चयन देशभर से प्राप्त हजारों आवेदनों के आधार पर किया गया। ये सभी आवेदक उल्लेखनीय स्वयंसेवी गतिविधियों से संबद्ध रहे हैं। पुरस्कारों के लिए एचएसबीसी, आईबीएम, जीएमआर, भारती एयरटेल, एमजंक्शन, टीसीएस, स्टैंडर्ड चार्टर्ड, फिडेलिटी, एसैंचर और बीडी जैसी कंपनियों को इम्प्लाई वालन्टियरिंग प्रोग्राम ऑफ द ईयर श्रेणी के लिए चुना गए है। गैर सरकारी संगठनों जैसे ड्रीम ए ड्रीम, ऑपरेशन स्माइल, प्रोत्साहन इंडिया फाउंडेशन, सलाम बालक ट्रस्ट, विद्या पोशक, निष्ठा, ग्रेट फाउंडेशन और वाईपी फाउंडेशन का चयन वॉलन्टियर इन्वॉल्विंग एनजीओ ऑफ द ईयर श्रेणी में किया गया।